हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 9 फरवरी 2026

06 तूमैन में गौ सेवा परिषद की बैठक संपन्न...



08 एडवांस्ड किड्स एकेडमी के कक्षा 12वीं के छात्रों को ...





## समाचार संक्षेप

### रफ्तार का कहर, सड़क हादसे ने छीनी घर की खुशियां, टक्कर के बाद भाई की मौत



**गुना ।** शनिवार देर रात आरोन-सिरोंज मार्ग पर हुए एक भीषण सड़क हादसे ने एक हँसते-खेलते किसान परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। विदिशा जिले के ग्राम विश्रामपुर (सिरोंज) निवासी दो भाई जब बाइक से अपने गांव लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस भिड़ंत में बड़े भाई की जान चली गई, जबकि छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, निर्भय प्रजापति अपने भाई फूल सिंह प्रजापति के साथ शनिवार रात करीब 10 बजे बाइक से घर की ओर जा रहे थे। रहीमपुर के समीप अचानक सामने से आए एक अनियंत्रित बाइक सवार ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भाई सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के तुरंत बाद परिजन उन्हें निजी वाहन से जिला अस्पताल गुना लेकर पहुँचे, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद निर्भय प्रजापति को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल फूल सिंह के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जिनका अस्पताल में उपचार जारी है। अस्पताल में मौजूद घायल भाई ने बताया कि टक्कर मारने वाला बाइक सवार बहुत तेज गति में था और संभलने का मौका ही नहीं मिला। मृतक निर्भय प्रजापति पेशे से किसान थे और खेती के जरिए ही अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। रविवार सुबह पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमार्टम कराया और उसे अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

नानाजी की पुण्यतिथि पर वैश्य युवाओं ने किया रक्तदान

### रक्तदान कर रोक लो मरणासन्न की मौत, घर घर में जलती रहे सबकी जीवन ज्योतः राजेश अग्रवाल




**गुना।** प्रति वर्ष की भांति मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक स्व. नारायण प्रसाद गुप्त नाना की पुण्यतिथि पर 8 फरवरी को पूरे प्रदेश में विशाल रक्तदान शिविरों के आयोजन किये जा रहे हैं ।इसी तारतम्य में वैश्य महासम्मेलन के ज़िलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में जिला युवा इकाई द्वारा स्थानीय शिवा ब्लड बैंक पर लक्ष्य के अनुरूप 21 यूनिट रक्तदान किया गया । वैश्य महासम्मेलन के जिला महामंत्री विकास जैन नखराली ने बताया कि युवा इकाई द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में वैश्य युवाओं ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी की एवं रक्तदान किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि रक्त अनमोल हे जो कि बाजार में नहीं मिलता ना ही कृत्रिम रक्त बनाया जा सकता है। यह आपके हमारे द्वारा दान के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता हे ,जो मानव जीवन को बचाने में सहायक सिद्ध होता हे।

उन्होंने अपने उद्बोधन में जोर देते हुए कहा कि रक्तदानकर रोक लो,मरणासन्न की मौतघर घर में जलती रहे,सबकी जीवन ज्योत ।इस अवसर पर जिला प्रभारी इजी. डी एन नीखरा, जिला महामंत्री विकास जैन नखराली, युवा इकाई संभागीय अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, जिला अध्यक्ष नवल सोनी , जिला महामंत्री मयंक विजयवर्गीय जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल वरुण अग्रवाल , चंचल सोनी प्रशांत श्रीवास्तव एवं कई रक्तदाता उपस्थित रहे। रक्तदान के उपरांत ज़िलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल द्वारा रक्तदाताओं को माल्यार्पण कर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए ।




विजेता हास्टल लखनऊ




उपविजेता रेलवे बिलासपुर

रोमांचक फाइनल में लखनऊ हॉस्टल ने रेलवे विलासपुर को 1-0 से हराया

# आखिरी क्वार्टर का गोल बना निर्णायक लखनऊ हॉस्टल का स्वर्ण कप पर कब्जा




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना/राघौगढ़

38वीं अखिल भारतीय स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री स्मृति स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार 8 फरवरी 2026 को लखनऊ हॉस्टल और रेल्वे विलासपुर के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में लखनऊ हॉस्टल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रेल्वे विलासपुर को 0-1से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया।मैच के पहले हाफ तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं और कोई भी गोल नहीं हो सका। हाफ टाइम तक स्कोर 0-0 रहा। तीसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने कड़ा संघर्ष किया, हालांकि इस दौरान रेल्वे विलासपुर को तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन वे उन्हें गोल में तब्दील नहीं कर सके।मैच का निर्णायक क्षण अंतिम चरण में आया, जब लखनऊ हॉस्टल के खिलाड़ी ने शानदार फील्ड गोल दागते हुए टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद लखनऊ हॉस्टल ने बढ़त बनाए रखी और मुकाबला जीतकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया।मैच समाप्ति पर खिलाड़ियों और दर्शकों ने विजेता टीम की सराहना की। लखनऊ हॉस्टल की इस जीत से समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

समापन अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि मैं धन्यवाद देना चाहता हूं हमारे लाडले सांसद महाराज सिंधिया जी को और नगर पालिका की अध्यक्ष और नगर पालिका के पूरे पार्षद गांव को के 9 वर्ष बाद इस टूर्नामेंट का पूर्ण आगाज इस धरती पर किया






गया है उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद बहुत-बहुत शुभकामनाएं ।अद्भुत उत्साह यहां के खेल प्रेमियों में देखने को मिलता था और वही उत्साह आज मुझे इस ग्राउंड पर भी देखने को मिल रहा है क्योंकि अभी टूर्नामेंट को बहुत जल्दी में किया गया इसकी जानकारी टीमों को नहीं थी मगर अगले बार जब में टूर्नामेंट का आगाज किया जाएगा तो दो चीज हमें महत्वपूर्ण ढंग से करनी है एक तो महाराज ज्योतिराज सिंधिया जी इस टूर्नामेंट में मौजूद होने चाहिए और दूसरा पूरे देश भर की टीमें हमारे गुना के ग्राउंड पर स्थित होना चाहिए। मैं आप सबको बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं विशेष रूप से हमारे नगर पालिका और जिला प्रशासन को । आदरणीय सीएम में मैडम भी यहां बैठी हुई है कलेक्टर साहब को भी सभी लोगों को मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं और जो टीम में आज खेल रही है बिलासपुर वर्सेस लखनऊ मुझे उम्मीद है कि आप उत्कर्ष खेल का प्रदर्शन आप दोनों टीमों के माध्यम से होगा और यह यहां का टूर्नामेंट जो है गुना का यह हमारे नेशनल मीडिया पर जाएगा ऐसा मुझे पूरा-पूरा विश्वास है मैं पत्रकार बंधुओ सभी निवेदन करूंगा कि क्रिकेट के साथ-साथ हॉकी चौकी हमारा परंपरागत खेल है इसको भी अच्छा हाईलाइट किया जाए जिससे आने वाली पीढ़ी हॉकी के प्रति भी लागत हो सके तो आप सब ने मुझे आमंत्रित किया इसके लिए मैं आपका दिल से धन्यवाद देता हूं । मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार ने कहा कि सिंधिया जी को मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और उनका आभार प्रकट करता हूं क्योंकि यदि यह हॉकी का इतना अच्छा ग्राउंड यदि नहीं होता तो आज देश से जो टीम में आई हुई है हमारी वह इतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती मैं सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं और महाराज साहब बड़े महाराज साहब और राजमाता साहब को आज मैं याद करता हूं कि उनकी भी यह कर्म भूमि रही है सिंधिया परिवार का निरंतर आशीर्वाद इस क्षेत्र पर एक दो पीढ़ी से नहीं कई पीढियां से रहा है मैं महाराज साहब को एक बात के लिए और धन्यवाद देता हूं को कई वर्षों से हमारे खिलाड़ियों की मांग थी इस क्षेत्र की मांग थी इस जिले की मांग थी के गुना में एक कोई खेल परिसर स्पोर्ट परिसर की सौगात मिले । स्पोर्ट परिसर की सौगात आपको दे दी उसका भूमि पूजन किया और उसका निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है एक ही छत के नीचे सभी खिलाड़ियों को सारी शुभकामनाएं ।उन्होने स्पॉट परिसर की सौगात दी। मैंने देखा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी निरंतर प्रयास कर रहे हैं कि हमारे खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा ना हो आज हमारा भारत खेल के मामले में क्रिकेट हो चाहे हॉकी निरंतर आगे बढ़ रहा है और गोल्ड मेडलो की झड़ी लग रही है ।मैं भारत के खिलाड़ियों को धन्यवाद देता हूं। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों ,जिला प्रशासन और खासकर क्षेत्रीय सांसद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के समापन और पुरस्कार वितरण समारोह के अतिथियों के रूप में नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, कलेक्टर किशोर कन्याल, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, सीएमओ मंजूषा खत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, नीरज निगम, सूर्यकांत जगताप, विकास जैन नखराली सहित समस्त पार्षदगण उपस्थित थे। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को चमचमाती ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान किए।

## खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई 6 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में आकस्मिक भ्रमण कर अवैध खनिज परिवहन/ उत्खनन / भंडारण करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के नेतृत्व में गठित दल द्वारा गुना शहर एवं तहसील आरोन में भ्रमण के दौरान 06 ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से खनिज का अवैध रूप से भंडारण एवं विक्रय करते हुए पकड़ा गया।जिला खनिज अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि भ्रमण के दौरान आरोन में 04 ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना अनुमति एवं बिना रॉयल्टी एमसेंड का भंडारण/ विक्रय करते पाए जाने पर आरोन थाने में रखना गए। साथ ही गुना शहर के नानाखेड़ी क्षेत्र अंतर्गत बिना अनुमति के भसुआ के भंडारण में लगे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त कर कलेक्ट्रेट परिसर में खड़े कराए गए हैं।उन्होंने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त वाहन एवं परिवहनकर्ता के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, के प्रावधानों के अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रकरण कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



कैंट थाना पुलिस की दोहरी कार्रवाई

## एक स्थाई व एक गिरफ्तारी वारंटी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न आपराधिक प्रकरणों में फरार आरोपियों, वारंटियों, इनामी बदमाशों आदि की धरपकड़ हेतु एक अभियान के रूप में लगातार सक्रिय, सतर्क एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा दोहरी कार्रवाई करते हुए एक स्थाई वारंटी एवं एक गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई है । उल्लेखनीय है कि न्यायालय गुना में चेक बाउंस से संबंधित प्रकरण क्रमांक 503/24 धारा 138 एन.आई. एक्ट के अंतर्गत आरोपी अरविन्द पुत्र गजानन पुराणिक निवासी भार्गव कालोनी गुना, न्यायालयीन कार्रवाई से लगातार फरार चल रहा था । आरोपी की गिरफ्तारी हेतु न्यायालय द्वारा उक्त प्रकरण में स्थाई वारंट जारी किया गया था । इसी प्रकार न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 2328/20 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि में आरोपी शिवा पुत्र पप्पू बाल्मीक निवासी गोकुल सिंह का चक गुना, भी न्यायालयीन कार्रवाई से लगातार फरार चल रहा था । आरोपी की गिरफ्तारी हेतु यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था । केंट थाना पुलिस द्वारा दोनों वारंटियों की लगातार तलाश की जा रही थी । इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर विगत दिवस केंट थाना पुलिस द्वारा तत्पर एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए फरार स्थाई वारंटी अरविन्द पुत्र गजानन पुराणिक उम्र 50 साल निवासी भार्गव कालोनी, गुना हाल रायल टाउन कुशमौदा चौकी के पास गुना एवं गिरफ्तारी वारंटी शिवा पुत्र पप्पू बाल्मीक उम्र 20 साल निवासी गोकुल सिंह का चक थाना कैंट, गुना को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया । केंट थाना पुलिस की इस दोहरी सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक लखन किरार एवं आरक्षक रवि ओझा का सराहनीय योगदान रहा है।



अवैध शराब तस्करी की सूचना पर आरोन थाना पुलिस की त्वरित व प्रभावी कार्रवाई

# एक शराब तस्कर गिरफ्तार, 58 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के संवेदनशील एवं सशक्त नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न अवैध एवं अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, कारोबारियों, तस्करों आदि के विरूद्ध सतत और प्रभावी कार्रवाई की जा रहीं हैं ।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में आरोन थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 58 लीटर कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार किया गया है । गत 7 फरवरी को आरोन थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि



सुनगयाई रोड पर पुलिया के पास दो प्लास्टिक की कैनों में अवैध कच्ची शराब लेकर उसे बेचने के लिए बैठा हुआ है । अवैध शराब तस्करी की इस सूचना के मिलते ही शराब तस्कर पर कार्यवाही हेतु आरोन थाने से तत्काल पुलिस की एक टीम रवाना हुई और सुनगयाई रोड पुलिया के पास पहुंचकर देखा तो पुलिया के पास रोड किनारे मुखबिर के बताए हुलिए का एक व्यक्ति अपने पास प्लास्टिक की दो बडी-बडी कैनों के साथ बैठा दिखा जो पुलिस फोर्स को देखते ही वहां से भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा बमुश्किल घेराबंदी कर पकड लिया गया ।

जिसने पूछताछ पर अपना नाम धनराम पुत्र खैमचंद उर्फ खैमा अहिरवार उम्र 35 साल निवासी ग्राम पहारुआ थाना आरोन जिला गुना का होना बताया । जिसके पास मिली प्लास्टिक की बड़ी-बड़ी दो केनों में हाथ भट्टी पर बनी कुल 58 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुईं । आरोपी का यह कृत्य आबकारी एक्ट की परिधि में आने से बरामद कच्ची शराब कीमती 5,800/- हजार रूपये को विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया और जिसके विरूद्ध आरोन थाने में अप.क्र. 38/26 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है । अवैध शराब के विरुद्ध आरोन थाना पुलिस की इस कार्यवाही में इंचार्ज थाना प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज कुशवाह, सउनि किशोर टोप्पो, प्रधान आरक्षक दीपक त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक जितेंद्र सिंह गुर्जर, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र पाल, प्रधान आरक्षक रामकुमार सिंह, आरक्षक सौरभ यादव, आरक्षक राम दांगी, आरक्षक सचिन परिहार एवं महिला आरक्षक राजकुमारी रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही है ।

## कितने रिश्ते को टूटने से बचाते हो, हेलमेट साथ रखने से नहीं लगाने से बचते हैं

**गुना।** आज कल हम देख रहे है। थोड़ी सी लापरवाही जानलेवा बन जाती है और यदि आप किसी की सहायता कर देते है तो कितने लोगों की खुशियां लौट आती है और घर का चिराग बुझने से बच जाता है और पता नही कितने रिश्तों का खत्म होने से बचा लेते हो। ऐसी ही एक घटना कल सामने आई। जितेन्द्र ब्रह्मभट्ट अपने विद्यालय से वापस लौट रहे थे तभी मिर्जापुर और छिपौन के बीच उन्होंने देखा कि एक महिला और पुरुष अचेत अवस्था में पड़े है उन से कुछ क्षण एक अज्ञात युवक और दोनों से साथ में अपनी गाड़ी को रोका। अज्ञात युवक ने पुरूष को देखा और लगा यह तो गया और महिला जो होश में थी उससे बात करने लगा। तभी जितेन्द्र ब्रह्मभट्ट तुरन्त पुरुष के पास गए उसकी आंखें खुली थी और कोई हरकत नहीं थी। उन्होंने युवक को आवाज दी कोई रिस्पांस नहीं आया तब उसकी नब्ज देखी और गर्दन पर हाथ रखकर देगा फिर छाती को थोड़ा थपथपाया और थोड़ा फिर आवाज़ दी जिससे थोड़ी हरक़त हुए और थोड़ी देर के बाद उसकी चेतना लौट आई जिसको मृत मान लिया था। उसने रिस्पांस किया उसे बैठाया। तब तक प्रताप नारायण मिश्रा जूनियर रेडक्रॉस जिला सचिव भी वहां रूक गये उन्होंने तुरंत एम्बुलेंस और 112 को कोल किया। दोनों दिव्यांग थे दोनों के पैर खराब थे थ्री व्हीलर से जामनेर से आरोन रिश्तेदार की शादी में जा रहे थे।उनके साथ जो महिला थी। उससे लोक खुलवाकर अन्य लोगों की सहायता से उसके रिश्तेदार को खबर दी जिसके जहां वो शादी में जा रहे थे। अचानक इनको चक्कर आया और गाड़ी अनवेलेसंस हुईं और हम दोनों सड़क पर गिर गये। गाड़ी कुछ दूर जाकर रोड़ से उतरकर झाड़ी में जा गिरी।जितेन्द्र ब्रह्मभट्ट ने बताया कि यह उन्होंने तीसरे सड़क दुघर्टना है जब उन्हें किसी राहगीर की सहायता कि है यूथ मोटिवेटर एवं लाइफ कोच एवं जूनियर रेडक्रॉस के माध्यम से स्कूल कालेज के युवाओं को सड़क दुघर्टना में सहायता के लिए प्रेरित करते रहे है। इसलिए जब भी अवसर मिले इन घटना के दर्शक न बने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी और एक अच्छे नागरिक की भूमिका निभाए क्योंकि आप केवल उस व्यक्ति को नही बचाते घर के चिराग,किसी के सुहाग,किसी के पिता,किसी बहन के भाई और कितने रिश्ते को टूटने से बचाते हो।आत्म संतुष्टि सबसे बड़ा सम्मान है जो ईश्वर हमें देता है।उन सब को धन्यवाद दिया जिन्होंने वहां रूक कर सहायता की और अपनी जिम्मेदारी निभाई। प्रताप नारायण मिश्रा ने बताया सरकार अपने स्तर से हेलमेट जागरूकता के कितने अभियान चला रही है लेकिन यह प्रत्यक्ष देखा कि उस व्यक्ति के सिर और चेहरे पर चोट आई थी जबकि उसके आगे हेलमेट रखा था लेकिन लग नही रखा था अगर लगा रखा होता तो सिर और चेहरे पर चोट नही आती। अन्त में 112 वाहन की सहायता से उन्हें उपचार के लिए भेज दिया गया।

## मप्र शासन के द्वारा चांचौड़ा किले के लिए 3.26 करोड़ रुपए किए स्वीकृत

**गुना।** चांचौड़ा स्थित ऐतिहासिक चंपावती किला के संरक्षण एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास हेतु मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा 3.26 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।चांचौड़ा स्थित चंपावती किले में पर्यटन सुविधाओं के विकास हेतु मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा पेयजल व्यवस्था, दो बड़े शौचालय, पर्यटकों के लिए वाहन पार्किंग, चार गार्डन, किला बाउंड्री एवं चैन लिंक फेंसिंग, बाउंड्री के बाहर सड़क, गार्ड रूम, टिकट काउंटर, दो बड़े प्रवेश द्वार, पर्यटक बैठक व्यवस्था, एक म्यूज़ियम सहित अन्य आधारभूत कार्यों के लिए 3.26 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

## कलेक्टर कन्याल ने रेडक्रॉस के माध्यम से दी पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता

**गुन।** कलेक्टर शकिशोर कुमार कन्याल द्वारा मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए जरूरतमंद नागरिक को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।आवेदक कृष्णा यादव निवासी बीजी रोड गुना द्वारा प्रस्तुत आवेदन में बताया गया कि उपचार के लिये आर्थिक सहायता की मांग की गयी थी। आवेदक की परिस्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्री कन्याल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए रेडक्रॉस सोसायटी गुना से 05 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत कर आवेदक को चेक प्रदान किया।

# विकसित भारत, जी राम जी की कार्यशाला आरोन में हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन



विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और अजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट जी राम जी के जनजागरण अभियान के अंतर्गत शनिवार को राधौगढ़ विधानसभा के आरोन मंडल की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें जिले से मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पनवाड़ी मंडल प्रभारी विकास जैन नखराली, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र धाकड़ एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़ के नेतृत्व में मंचासीन अतिथियों द्वारा भारत माता एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। मंडल अध्यक्ष द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया एवं पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से श्री बृजेंद्र सिंह राजपूत द्वारा मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विकास जैन ने कहा कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और अजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट (जी राम जी) योजना को सशक्त, पारदर्शी और प्रभावी बनाया गया है, जिससे ग्रामीणों को रोजगार के साथ साथ आत्मनिर्भरता का अवसर मिलेगा। इस जी राम जी योजना के माध्यम से भाजपा ने ठोस कानून बनाकर वास्तविक विकास को धरातल पर उतारा है। यह योजना जन-जन के लिए लाभदायक है जो भ्रष्टाचार मुक्त एवं प्रत्येक हितग्राही को सीधा लाभ पहुंचाने की योजना है वहीं श्री जैन ने कहा कि कांग्रेस सदैव राम का विरोध करती हे ओर जिस तरह से सदन में विपक्षी दलों एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा इस योजना का विरोध किया जा रहा है जो राम विरोधी मानसिकता को उजागर करता हे।

कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए मंडल,कार्यशाला में भारत सरकार द्वारा रोजगार गारंटी योजना में,किए गए अनुच्छेद 243 संशोधन जी राम जी ग्रामीण रोजगार गारंटी अजीविका मिशन एक्ट की विभिन्न धाराओं, के तहत विकसित ग्राम पंचायत से लेकर जिले, तथा राज्य सरकार के बीच कार्यन्वयन,के बारे में,मंचासीन,बक्ताओ,ने स्थानीय सरकारो, द्वारा नगर एवं,ग्रामीण अंचल में,रोजगार की 125 दिन गारंटी के बारे में बताया देवेंद्र सिंह हल्के एवं संजीव सोनी ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की सर्वजन हिताय की नीति तथा संसद में संशोधन विधेयक की प्रशंसा करते हुए श्री चौहान को जननायक बताया वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री धाकड़ द्वारा कार्यशाला के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर तक के कार्यकर्ताओं को उक्त योजना से अवगत कराने,हुऐ उपस्थित कार्यकर्ताओं से आग्रह किया मुख्य वक्ता वीरेंद्र सिंह धाकड़ द्वारा बताया गया कि प्रत्येक शक्ति केंद्र एवं मतदान केंद्र के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं ग्राम तक इस योजना की जानकारी देते हुए प्रत्येक हितग्राही को लाभ पहुंचाने का संकल्प दिलाया जी राम जी मंडल कार्यशाला में पार्टी के वरिष्ठ कनिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं समस्त कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे अंत आभार श प्रमोद सक्सेना द्वारा किया गया।

## अजा विभाग अध्यक्ष चयन को लेकर गुना में कांग्रेस की हाईलेवल बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष और शिवपुरी-गुना प्रभारी महेश मदुरिया रविवार को संगठनात्मक गतिविधियों के तहत गुना प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने जिला कांग्रेस कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक ली, जिसका मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति विभाग के नए जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए पैनल तैयार करना और योग्य उम्मीदवारों के बायोडाटा लेना और उनसे चर्चा करना रहा।प्रवास के दौरान मदुरिया ने गुना जिले के वर्तमान व पूर्व विधायकों, वरिष्ठ नेताओं और अजा विभाग के प्रदेश पदाधिकारियों से मुलाकात कर रायशुमारी की। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ 'वन-टू-वन' चर्चा करते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया। मदुरिया ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री एवं जिलाध्यक्ष जयवर्धन सिंह तथा अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार के निर्देश पर गुना में अजा विभाग के अध्यक्ष चयन की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। महेश मदुरिया ने भरोसा दिलाया कि संगठन सृजन का काम पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने चयन प्रक्रिया स्पष्ट करते हुए कहा कि जिन लोगों ने बायोडाटा दिए हैं, उन्हें अगले चरण के लिए भोपाल बुलाया जाएगा। जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद एक सक्रिय टीम गठित होगी, जो गांव-गांव और मोहल्ले-मोहल्ले जाकर कांग्रेस की विचारधारा का प्रचार करेगी। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर चिंता जताते हुए मदुरिया ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, आज का शिक्षित युवा नौकरी के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। भाजपा सरकार ने पहले लोगों को धर्म के नाम पर लड़ाया और अब जातियों के बीच वैमनस्य पैदा कर रही है। जबकि कांग्रेस एक निरपेक्ष दल है जो सभी धर्मों और जातियों का सम्मान करती है। यही कारण है कि अजा विभाग की इस बैठक में सभी अनुषांगिक संगठनों को शामिल किया गया है, क्योंकि कांग्रेस के मंच पर हर वर्ग को बराबरी का स्थान मिलता है। इस दौरान बड़ी संख्या में दावेदारों ने मदुरिया को अपने बायोडाटा सौंपे अजा विभाग का अध्यक्ष बनने के लिए दावेदारी पेश की। कांग्रेस कमेटी जिला गुना अनुसूचित विभाग के जिलाध्यक्ष की रायशुमारी हेतु निम्न लोगों ने अपने -अपने बायोडाटा प्रस्तुत किये। कन्हैयालाल अहिरवार, भगवानसिंह अहिरवार, बबलू जाटव, आरके देलवार , राजकुमार बंशकार, बृजलाल जाटव ठेकेदार के नाम प्रमुख हैं। रायशुमारी के अवसर पर कांग्रेसजन में प्रमुख रूप से इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, हरिशंकर विजयवर्गीय, ओमप्रकाश शर्मा, गोपाल शर्मा, रमेश सैंडो, पंकज कनेरिया, लालजीराम जाटव,रणवीर , शिवा सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## जिला पंचायत गुना की सामान्य सभा की समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार गुना में सामान्य सभा समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिव,ग्राम रोजगार सहायक एवं जिला पंचायत के अधिकारी/कर्मचारीयों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही अपनी सेवा पूर्ण कर रिटायर्ड होने पर हरि सिंह रघुवंशी सचिव ग्राम पंचायत महूखान जनपद गुना एवं निरपत सिंह चौहान सचिव ग्राम पंचायत भदौड़ी जनपद राघौगढ़ को शाल, श्रीफल भेंटकर एवं प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। बैठक का एजेंडा अनुसार विभिन्न विभागों की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा, करते हुए आगे की कार्ययोजना बनाई गई। बैठक में विधायक बमोरी ऋषि अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे सहित जिला पंचायत के सदस्यगण एवं समस्त विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

> जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिव,ग्राम रोजगार सहायक एवं जिला पंचायत के अधिकारी/कर्मचारीयों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया

# जीवन का अंतिम समय परिवार व संतों के सान्निध्य में होः मुनिश्री 108 सुदत्त सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मुनि श्री 108 सुदत्त सागर जी ने अपने प्रेरक प्रवचनों में कहा कि जीवन का अंतिम समय परिवार एवं संतों के सान्निध्य में व्यतीत होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने अपनों के साथ बिताए पलों को संजोकर रखना चाहिए और समाज में एकता व सद्भाव के साथ रहने की भावना विकसित करनी चाहिए।मुनि श्री ने आत्ममंथन का संदेश देते हुए कहा कि हम जीवन भर परिवार, समाज और दूसरों के लिए बहुत कुछ करते हैं, परंतु स्वयं की



आत्मा के शुद्धिकरण पर भी उतना ही ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने प्रतिदिन मंदिर में 5 से 10 मिनट शांत भाव से बैठकर आत्मा से परमात्मा का ध्यान करने की प्रेरणा दी।जन्म से ही गुना क्षेत्र के निवासी होने के कारण क्षेत्रवासियों से उनका सहज और आत्मीय व्यवहार रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु उनसे आशीर्वाद लेने एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने पहुंचते हैं।मुनि श्री ने कहा कि व्यक्ति को अपना जीवन ऐसा जीना चाहिए कि अपने कर्मों के बाद कोई उसके लिए बुरा न कहे। आत्मा की शांति और सिद्धि के लिए नियमित ध्यान, साधना एवं संयम आवश्यक है।

उन्होंने समाज से आत्मशुद्धि, एकता और नैतिक जीवन अपनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर जैन समुदाय के लोगों के अलावा सैकडों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# सोनेरा मंडल के काकाखेड़ी में कृषक श्रमिक चौपाल का आयोजन किया



**अशोकनगर।** जिले के सोनेरा मंडल के ग्राम काकाखेड़ी में भाजपा द्वारा रविवार को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण के तहत कृषक श्रमिक चैपाल का आयोजन किया गया।

'किसान चैपाल के मुख्य वक्ता जी राम जी योजना के जिला संयोजक, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर रघुवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, कार्यक्रम में सोनेरा मंडल अध्यक्ष अशोक रघुवंशी सहित किसान एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता धर्मवीर रघुवंशी ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लाई गई वीबीजीरामजी योजना का मतलब श्रमिकों का सम्मान भी और रोजगार भी है, इसके तहत अब 100 दिन से बढ़कर 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित हुआ है। जिसका ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीणों, कृषक मजदूर के हित में बनी इस योजना के बारे में कांग्रेस द्वारा दुष्प्रचार कर भ्रम फैलाया जा रहा है। लोग उनके भ्रम में ना आए। कार्यक्रम का संचालन अवधेश रघुवंशी ने किया।

आभार सोनेरा मंडल अध्यक्ष अशोक रघुवंशी ने किया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष रघुवंशी महामंत्री अवधेश रघुवंशी उपाध्यक्ष सरपंच विनीत शर्मा उपाध्यक्ष राजकुमार यादव सरपंच कुलदीप रघुवंशी काकाखेड़ी, सरपंच जीतू रघुवंशी, सोबत सरपंच लक्ष्मण सिंह, सरपंच जतोली, धर्मेंद्र सिंह, बबलू सिंह सोवत, महेंद्र सिंह, बलराम सिंह, हरि सिंह काका खेड़ी, अर्जुन सिंह, लाखन सिंह, भानु सिंह, रामकृष्ण सिंह एवं समस्त सोनेरा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री ऋषभदेव कृपा वर्धमान सेवा समिति ने किया गौ वंश के लिए औषधि युक्त लड्डू अनुष्ठान



**अशोकनगर।** परम शक्तिमान ईश्वर का शक्ति अंश दया रूप में मां मैं विद्यमान है और परमदयालु गौ माता जो सभी के लिए बाल्यावस्था से लेकर मृत्यु तक सदैव कृपा कर जीवन जीने की परम औषधि देती है ऐसा प्रतिष्ठाचार्य राजकिंग ने बताया। यह कार्य जैन दयोदय गौशाला रावंसर रोड पर आयोजित किया गया। इस महान कार्य मै मुख्य अतिथि के रूप में देहात थाना भुवनेश शर्मा, चंदेरी वेद प्रकाश गोयल, गौशाला अध्यक्ष एवं हिंदू परिषद अध्यक्ष दिनेश महिदपुर, राजप्रिंस, शिक्षक बलवीर साहू, सौरव सिंघई, प्रवीण जैन, राजीव ओशो, धर्मेंद्र जैन, बादल जैन , बजाज जैन आदि सम्मिलित रहे।

## तूमैन में गौ सेवा परिषद की बैठक संपन्न हुई, गौ सेवा करने का लिया संकल्प



**अशोकनगर।** ग्राम तुमेन में बालाजी मंदिर पर राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के गौसेवक, समाजसेवी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य गौ संरक्षण, संवर्धन एवं सेवा गतिविधियों को सशक्त बनाना रहा।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने गौमाताओं के लिए चारा, पानी, उपचार एवं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श किया। साथ ही गौशालाओं की नियमित देखरेख, बीमार पशुओं के उपचार और गौ तस्करी रोकने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से गौ सेवा को जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा नियमित सेवा कार्य करने का संकल्प लिया। परिषद ने आगामी दिनों में सेवा अभियानों को तेज करने और जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय भी लिया। बैठक में सभी उपस्थित लोगों ने गौ माता की सेवा हेतु निरंतर प्रयास करने का भरोसा दिलाया। राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद जिला अध्यक्ष गोलू यादव बरोदिया, अभिषेक मोहरी, सुमित ओझा ओर ग्राम तूमेंन के अभिषेक राजपूत विकाश कंप्यूटर तूमेंन, रविंद्र सिंह राजपूत, दुर्गेश पाठक उमेश सेन ,राजा सिंह राजपूत, प्रताप सिंह राजपूत,भारत सिंह राजपूत, भारतेंद्र राजपूत, अभिषेक सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## अहिरवार समाज द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई



**पिपरई।** अहिरवार समाज संघ द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पखवाड़े के रूप में ब्लॉक अध्यक्ष एड. सुनील बौद्ध की अध्यक्षता में पिपरई में आयोजित की गई जिसमें अहिरवार समाज संघ के जिला अध्यक्ष रवि मोहने एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जीवन पर आधारित प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई। उत्कृष्ट स्थान पाने वाले बच्चों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अहिरवार संघ की नई कार्यकारिणी गठित की गई जिसमें भगवत सिंह को राजनीतिक ब्लॉक अध्यक्ष, हरवान सिंह को राजनीतिक नगर अध्यक्ष, मीता अहिरवार को महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष एवं किशन लाल को व्यापारिक प्रकोष्ठ पद पर नियुक्त किया गया ।

# अमृत 2.0 से बदलेगी अशोकनगर की सूरत

## ऊर्जा कॉलोनी में नई पानी की टंकी का भूमिपूजन संपन्न

**अशोकनगर।** शहरवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत अशोकनगर को जल संकट से स्थायी मुक्ति दिलाने की दिशा में नगर पालिका परिषद का एक बड़ा कदम उठाया गया है। शहर में कुल 05 नई पानी की टंकियों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे भविष्य में पानी की समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी।

**ऊर्जा कॉलोनी में शुरू हुआ निर्माण कार्यः** बीते दिन ऊर्जा कॉलोनी में नई पानी की टंकी के निर्माण हेतु नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया द्वारा विधिवत भूमि पूजन किया गया। पूजन अर्चन के तत्काल बाद जेसीबी की मदद से खुदाई का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि शहर के विकास और मूलभूत सुविधाओं में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

**इन कॉलोनियों को मिलेगा सीधा लाभः** इस टंकी के बन जाने



से शहर के एक बड़े हिस्से की प्यास बुझेगी। मुख्य रूप से ऊर्जा कॉलोनी, बोहरे कॉलोनी,जगदम्बा कॉलोनी, गणेश कॉलोनी एवं आसपास के अन्य क्षेत्र के रहवासियों को लाभ मिलेगा।

**गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं:** नगर पालिका अध्यक्ष ने निर्माण स्थल पर ही ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा के लिए बन रही इन टंकियों के मजबूती में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**प्रगति पर हैं अन्य टंकियों का कामः** योजना के तहत शहर में अन्य स्थानों पर भी कार्य तेजी से चल रहा है। टोरिया फ़ल्टिर प्लांट पर कार्य प्रगति पर है, इसी प्रकार नवीन बस स्टैंड और त्रिलोकपुरी कॉलोनी में पानी की टंकी के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान आदि मौजूद थे।

## शाढ़ौरा में आरएसएस की प्रमुख जन गोष्ठी संपन्न, पंच परिवर्तन पर दिया जोर

# संगठन की शक्ति से राष्ट्र उत्थान संभवः गोपाल स्वर्णकार

हरिभूमि न्यूज ⏭शाढ़ौरा

कृष्णा गार्डन में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा प्रमुख जन गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित गुना विभाग संपर्क प्रमुख गोपाल स्वर्णकार ने समाज के प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए संगठन, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक सुधारों पर विस्तृत पाथेय पाथेय प्रदान किया।

### युगों के अनुसार शक्ति का महत्व

अपने उद्बोधन में स्वर्णकार ने कहा कि भारतीय दर्शन के अनुसार हर युग की अपनी एक शक्ति रही है। त्रेता युग में मंत्र शक्ति, सतयुग में सत्य, द्वापर में युद्ध शक्ति प्रभावी थी, लेकिन वर्तमान कलयुग में संगठन की शक्ति ही सर्वोपरि है। उन्होंने आह्वान किया कि राष्ट्र की उन्नति के लिए समस्त हिंदू समाज का संगठित होना अनिवार्य है।

### ऐतिहासिक षड्यंत्रों और एकता पर प्रकाश

उन्होंने इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि लगभग 1200 वर्षों तक भारत की धन-संपदा, संस्कृति और मान बिंदुओं को नष्ट करने के प्रयास किए गए। कूटनीतिक षड्यंत्रों के तहत हमारे




समाज को जातियों में विभाजित कर दिया गया। इन परिस्थितियों को देखते हुए डॉ. हेडगेवार ने 1925 में संघ की स्थापना की, जिसका एकमात्र ध्येय हिंदू समाज को एकजुट करना है। उन्होंने उडुपी सम्मेलन के मंत्र को दोहराते हुए कहा हिंदवः सहोदरा सर्वे, न हिंदू पतितो भवेतु।

### संघ के पंच परिवर्तन का आह्वान

कार्यक्रम के दौरान समाज में व्यापक सुधार के लिए पंच परिवर्तन के विषयों पर विशेष बल दिया गया। स्व का बोध अपनी भाषा, संस्कृति और राष्ट्र पर गर्व करना। परिवार प्रबोधन परिवारों में महापुरुषों के चित्र हों, सप्ताह में एक बार पूरा परिवार साथ भोजन करे और साथ समय बिताए। पर्यावरण संरक्षण प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेना। सामाजिक समरसता समाज से ऊंच-नीच और जातिगत भेदभाव को मिटाना। नागरिक कर्तव्य समाज और राष्ट्र हित के लिए व्यक्तिगत स्वार्थ का त्याग करना।

### वंदे मातरम के साथ समापन

गोष्ठी में स्वामी विवेकानंद, दशरथ मांझी और अन्ना हजारे जैसे महापुरुषों के उदाहरण देकर समाज सेवा की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम का समापन सामूहिक वंदे मातरम के गायन के साथ गरिमामय वातावरण में हुआ। इस अवसर पर खंड के अनेक गणमान्य नागरिक और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जुए के अडडों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत पुलिस ने गल्ला मंडी परिसर बहादुरपुर में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए हजारीलाल पाल, सटरूलाल पाल, कल्लू यादव को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 3175 रूपए जप्त किए हैं, पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

### फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर फोटो वायरल किया

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर दुरूपयोग कर फोटो वायरल किए जाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्यवाही लड़की के पिता की शिकायत पर से की है। पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश कर रही है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने ग्राम डेंगा निवासी इमरतसिंह आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार देहात पुलिस ने ग्रिाम खरिया महू निवासी कैलाश वंशकार के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पडरिया निवासी अनुज कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनीष, करण और रविन्द्र अहिरवार ने पुरानी रंजिस पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोलुआ निवासी रवि आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवा, राजेश और अभिषेक आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गहोरा रोड निवासी राधेलाल साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जितेन्द्र लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ निवासी सानिया बानो ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी समीर खान, रहीसा बानो और अजुंम बानो ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।


### मंदिर का 30वां वार्षिकोत्सव समारोह, 11 से 15 फरवरी तक




**अशोकनगर।** स्थानीय महावीर कॉलोनी स्थित कुंदकुंद दिगम्बर स्वाध्याय श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर का 30वां वार्षिकोत्सव समारोह हर वर्ष की तरह इस बार भी भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। 11 से 15 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन में कईं कार्यक्रम आयोजित होगें और विद्वानों का समागम होगा। इस आयोजन में प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रम सुबह 7 बजे से 8.45 बजे तक श्री जिनेन्द्र प्रक्षाल नित्य नियम पूजन और विधान का आयोजन किया जाएगा। श्री भक्तावर महामंडल विधान के लिए पंडित अनुभव जैन करैली और पंडित श्री सुनील धवल भोपाल पहुंच रहे हैं। इस मौके पर सुबह 9.15 से 10.45 बजे तक पूज्य गुरूदेव के सीडी प्रवचन और समागम विद्वान के प्रवचन होगें। प्रवचन की श्रृंखला दोपहर 3.30 से 4.30 बजे तक और रात्रि में 8.30 से 9.30 बजे तक चलेगी। शाम 7.30 से 8 बजे तक जिनेन्द्र भक्ति एवं आध्यात्मिक पाठ का आयोजन किया जाएगा। विधान के समापन के पश्चात 15 फरवरी को भव्य शोभायात्रा महावीर जैन दिगम्बर मंदिर से निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा सुभाषगंज, सदर बाजार, गांधी चैक, पुराना बाजार, प्रोशेसन रोड, इन्द्रा पार्क से होते हुए मंदिर परिसर पर पहुंचेगी। जहां शोभायात्रा का समापन होगा, इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में व्यापक उत्साह है।

### 3 गंभीर घायल, हादसे के बाद अस्पताल में मरीज को न पलंग मिले न स्ट्रेचर

# दो मोटरसाइकिलें आमने-सामने टकराईं, दो युवकों की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर क्षेत्र में रविवार की षाम को विदिषा जिले के दीपनाखेड़ा थानांतर्गत बामौरी षाला में सिरोंज मार्ग पर पेट्रोल पंप के बाद एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में तेज गति में चल रहीं दो मोटरसाईकिलें आमने-सामने भिड़ गईं, जिससे दोनों मोटरसाईकिलों पर सवार पांच युवक लहूलुहान हो गए। इन में से युवकों को दीपनाखेड़ा थाना में तैनात एफआरव्ही 112 एवं दो युवकों को दीपनाखेड़ा थाने की पुलिस गाड़ी लेकर बहादुरपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची। जहां ड्यूटी डॉक्टर षिवम यादव ने परीक्षण के बाद दो युवकों को मृत घोषित कर दिया जबकि तीन युवकों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

दुर्घटना में मृत हुए युवकों के नाम गोलू विष्वकर्मा निवासी लिधौरा सिरोंज उम्र 30 वर्ष एवं जितेन्द्र अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी केषलोन अषोकनगर बताए गए हैं। जबकि घायलों में घासीराम, फूल सिंह और राजधर के नाम हैं। यह युवक कहां से आए थे, कहां जा रहे थे यह जानकारी नहीं मिल सकी। इस दर्दनाक हादसे में एक ओर जहां दो युवकों की जान चली गई वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग की बदहाल व्यवस्थाएं, पुलिस की अमानवीयता और स्टाफ की मनमानी की तस्वीर सामने आई है।

#### जमीन पर पड़ा था मृतक

बताया गया है कि जब घायल युवकों को अस्पताल ले जाया गया तो अस्पताल में कोई स्टेचर नहीं मिली। मौके पर जमा भीड़ ने युवकों को उठाकर अस्पताल के अंदर किया। जहां एक मृत युवक को जमीन पर, एक को कुर्सी पर लिटाया गया, जबकि तीन युवकों में से एक को ओपीडी के टेबिल पर जगह मिली। अन्य दो युवकों को गैलरी में पड़े पलंगों पर लिटाया गया। जबकि इस अस्पताल में दस पलंग का वार्ड स्वीकृत है लेकिन वह वार्ड आज तक अमल में नहीं आ पाया है।

#### स्टाफ नदारद, निजी युवकों ने नहीं की मदद

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तीन चिकित्सकों के अलावा अन्य स्टाफ है। जिसमें से डॉक्टर षिवम यादव और सफाईकर्मी धर्मेन्द्र वाल्मीकि को छोड़कर घटना के समय कोई भी मौजूद नहीं था। एक साथ पांच गंभीर घायल युवक जब अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर के सामने कोई विकल्प नहीं था। उन्होंने मौके पर मौजूद युवकों की सहायता लेकर घायलों के घाव साफ करवाए और मरहम पट्टी की। घायलों को प्राथमिक उपचार देकर उन्हे जिला अस्पताल रिफर किया।

#### घायलों को छोड़कर वाहन धुलवाने लगे पुलिसकर्मी

जहां दुर्घटना हुई है, वह स्थान विदिषा जिले के दीपनाखेड़ा थाना क्षेत्र का है। इस घटना में पुलिस की अमानवीयता सामने आई है। पांचों घायलों को अस्पताल में छोड़कर उनका नाम पता तक पुलिसकर्मियों ने अस्पताल प्रबंधन को नहीं बताया और दोनों वाहन लेकर निकल गए। बाद में जब डॉक्टर ने उनके वरिष्ठ अधिकारियों को फोन किया तो एक घंटे बाद पुलिसकर्मी वापिस लौटे, जिन्होंने बताया कि वह खून से गंदे हुए वाहनों को धुलवाने लगे थे। ऐसे में डॉक्टर ने नाराजगी जाहिर की।

#### एंबुलेंस व्यस्त थीं, निजी वाहनों से किया घायलों को रवाना

जब अस्पताल लाए गए दो युवकों ने दम तोड़ दिया और बाकी बचे तीन युवकों को जिला अस्पताल रिफर किया गया तो एंबुलेंस व्यस्त मिलीं। इसके बाद दो घायलों को उनके परिजन एक किराए की कार लेकर जिला अस्पताल के लिए रवाना हो गए जबकि एक घायल को उसके परिजन मोटरसाईकिल से लेकर 45 किलोमीटर दूर अषोकनगर के लिए निकले।

### 5 फरवरी को निकलेगी बारात

## 82 श्रद्धालुओं ने 8856 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में शिव नवरात्रि एवं शिव विवाह के कार्यक्रम में रविवार को शिव भक्तों ने पार्थिव लिंगों का निर्माण किया। जिसमें 82 श्रद्धालुओ ने 8856 पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया।

बड़े ही भक्ति भाव से गंगाजल से पवित्र करके भगवान भोलेनाथ को महिलाओं और पुरुषों और बच्चों सहित पंचामृत द्वारा महेंद्र मिश्रा ने पूजन करवाई एवं पुजारी किशन लाल मिश्रा ने रुद्राष्टक के पाठ से पुरुष सूक्त से भोले बाबा का अभिषेक सोडष उपचार से किया। इसी दौरान राजा हिमाचल की भूमिका में डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी वरिष्ठ नागरिकों के साथ श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर जहां कैलाश बासी भोले बाबा की पूजन हो रही थी उन्होंने बताया कि भगवान शिव शंकर सभी के प्रिय है चाहे वह जहरीला सांप हो अथवा भूत पिशाच हो और शिव भक्त हो चाहे अघोरी आलसी ही क्यों ना हो वह भी शंकर को प्रिय है। भगवान शिव शंकर को किसी से घृणा नहीं है ना किसी से राग देश ऐसे हैं देव आदि देव महादेव उसी समय में हिमाचल राजा की भूमिका में आए डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने साष्टांग दंडवत प्रणाम किया और साथ में लाई लाये और पीली चिट्ठी प्रदान की। हिंदू धर्म लोक रीति के अनुसार 9 फरवरी सोमवार को दोनों तरफ चक्की धराई जाएगी। 10 फरवरी मंगलवार को टीका फल दान का शुभ मुहूर्त रखा गया है और 11 फरवरी बुधवार को मागर है 12 फरवरी गुरुवार को तेल और चंदन है 13 फरवरी शुक्रवार को श्री गणेश पूजन और माता पूजन है 14 फरवरी शनिवार को मंडप है 15 फरवरी 2026 रविवार को बारात प्रस्थान एवं शिव पार्वती जी का पाणिग्रहण शुभ संस्कार गोधूलि बेला में होगा। सुभामाशतु यह पीली पत्रिका में लिखा था अंत में सभी पार्थिव शिवलिंगों के पत्रों से राम शब्दों का आकार लिखकर भोले बाबा के महिलाओं ने भजन गाए और सभी को मंत्र मुगध कर दिया।

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर अशोकनगर में विशाल धरना व महारैली का आयोजन

### जिले भर से शिक्षक शामिल हुए





**अशोकनगर।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश के 55 जिलों के साथ-साथ अशोकनगर जिले में भी जिला स्तर पर विशाल धरना एवं महारैली का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लगभग 3000 शिक्षकों ने सहभागिता करते हुए ओल्ड पेंशन बहाली, अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना, अमानवीय ई-अटेंडेंस व्यवस्था पर रोक, स्थायी प्रमोशन प्रक्रिया प्रारंभ करने, गुरुजी वरिष्ठता सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा।

इस आंदोलन का नेतृत्व आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव ने किया। उनके नेतृत्व में अशोकनगर जिले में विशाल ओपीएस वाहन रैली निकाली गई। रैली के समर्थन में म.प्र. शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा, कर्मचारी कांग्रेस एवं राज्य शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे, राज्य शिक्षक संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिलीप रघुवंशी, संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज भटनागर तथा अध्यापक कांग्रेस जिलाध्यक्ष नीलमसिंह तिगरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने ओपीएस की लड़ाई में अंतिम समय तक साथ देने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव ने बताया कि यह रैली प्रदेश के सभी 55 जिलों में आयोजित की गई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिले के प्रेमनारायण तिवारी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सभी साथियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 12 बजे से युगल सरकार मंदिर एवं रघुवंशी धर्मशाला के बीच मैदान में धरना प्रारंभ हुआ, जो 3 बजे तक चला। इसके पश्चात बाइक रैली शशीन्द्र राणा चैराहा, न्यू ओवरब्रिज, गांधी पार्क, रसीला चैराहा, तुलसी पार्क, अंडरब्रिज, अस्पताल चैराहा होते हुए तहसील प्रांगण पहुँची, जहां से पैदल रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुँचकर ज्ञापन सौंपा गया। इस ऐतिहासिक आंदोलन को सफल बनाने में जिले के सभी ब्लॉक-तहसील अध्यक्षों, बीआरसीसी, बीएसी एवं जन शिक्षक साथियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम मैं समस्त संगठनों के जिला और ब्लॉक पदाधिकारी उपस्थित रहे।


#### मांगों के बिन्दु

(01) मध्यप्रदेश के समस्त एन.पी. एस.धारक कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लागू की जाये।
(02) ई-अटेंडेंस स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के समस्त कार्यालयों के अधि कर्मचारियों पर लागू की जाये अन्यथा शिक्षकों को भी ई-अटेन्डेन्स से मुक्त रखा जाये।
(03) अध्यापक शिक्षक संवर्ग को भी क्रमोन्नति एवं समयमान वेतनमान की भांति प्रथम नियुक्ति दिनांक अवधि की गणना करते हुए पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अवकाशों का नगदीकरण का लाभ सुनिश्चित किया जाए।
(04) विगत वर्षों में दिवंगत अध्यापक शिक्षक संवर्ग के आश्रित परिवारों के सदस्य को अविलंब अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिया जाये।
(05) गुरुजियों को उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से ही बरिष्ठता दी जाये।
(06) जनजातिय कार्य विभाग में कार्यरत अध्यापक शिक्षक संवर्ग को स्कूल शिक्षा विभाग में मर्ज किया जाए।
(07) अध्यापक शिक्षक संवर्ग की माह सितम्बर 2022 की रूकी हुई हडताल अवधि का वेतन भुगतान किया जाये।
(08) अध्यापक शिक्षक संवर्ग की कुल रिक्त पदो में से 50 प्रतिशत रिक्त पदों पर पदोन्नति की जाए।
(09) अध्यापक शिक्षक संवर्ग के तीन संतान वाले कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्यवाही से मुक्त किया जाए।
(10) अध्यापक शिक्षक संवर्ग को कैशलेस मेडिकल क्लेम की सुविधा दी जाये।

## हजारेश्वर मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा से पहले मंगल कलश यात्रा निकाली

### 11 कुंडीय महायज्ञ का होगा आयोजन





**अशोकनगर।** शहर के सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक हजारेश्वर मंदिर का नए सिरे से जीर्णोद्धार किया गया है। इस मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद भगवानों की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। उसके पहले मंगल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। 12 फरवरी तक यहां आयोजन होगें। 11 कुण्डीय महायज्ञ को लेकर तैयारियां की जा रही हैं जिसके बाद प्रतिमाओं की स्थापना उनके मूल स्थान पर की जाएगी।

इस प्राचीन शिव मंदिर को देखे तों लगता है तो यहां कभी खजुराहो शैली के मंदिर रहे होगें। इस तरह के मंदिर के अवशेष तो नहीं मिलते लेकिन यहां जो हजार मुखी शिवलिंग हैं वह इस बात का प्रतीक है कि यहां उसी शैली के मंदिर रहे होगें। जिस स्थान पर यह मंदिर है उसे गढ़ी कहा जाता है तथा गढ़ी से आशय यह है कि यह यहां की प्राचीनता को रेखाकिंत करती है। अगर मंदिर के पुजारी दुर्गेश भार्गव की बात माने तो उनकी 14 से 15 पीढ़ी इस मंदिर में पुजारी का काम करती आ रही हैं। जो राजस्थान से वंशावली लेकर आते हैं उनके पास उनकी 15 पीढ़यों की जानकारी मिलती है। जिसमे उन पर लगभग 250 वर्ष पुराने दस्तावेज हैं, जिससे यह लगता है कि यह मंदिर 400 से 500 वर्ष पुराना होना चाहिए। कईं इतिहासकार इसे तूमैन के समकक्ष इतिहास से जोड़कर देखते हैं। यहां भोलेनाथ जी का जो हजार मुखी शिवलिंग है वह अत्यंत दर्शनीय है, इसी स्थान पर राधाकृष्ण का दरवार है और यहीं बालाजी सरकार का मंदिर है। यहां आने वाले श्रद्धालु इन मंदिरों के दर्शन करते हैं, मंदिर लबे समय से जीर्णोद्धार का इंतजार कर रहा था। शासन और जन सहयोग से इस मंदिर का कायाकल्प किया गया है, इसके बाद भी मंदिर को और भी कायाकल्प की जरूरत है। रविवार को शहर में मगंल कलश यात्रा से पहले महादेव भगवान के दरवार में बैठकर महिलाओं ने आराधना की, यहीं पर मंदिर परिसर में एक यज्ञशाला का निर्माण भी किया गया है और इसी स्थान पर यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। पुजारी दुर्गेश भार्गव ने बताया कि यहां 11 जोड़ों के द्वारा इस यज्ञ में भाग लिया जाएगा। जिसके लिए 5 वेदियों का निर्माण किया गया है, जिसके लिए रविवार से कार्यक्रम प्रारंभ हो गए है जो 12 फरवरी तक चलेगें। शिवरात्रि से पहले यह समस्त आयोजन पूरे किए जाएगें। मंगल कलश यात्रा के मौके पर महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण कर शहर में शोभायात्रा में शामिल हुईं।

### 500 लीटर अवैध शराब जब्त, 7 लाख 50 हजार रुपए की कीमत का लहान किया नष्ट

# 5 थानों की पुलिस ने ड्रोन की मदद से अवैध शराब के ठिकानों पर दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिले के करीला धाम में आयोजित होने वाले मेले को लेकर पुलिस का अवैध शराब के ठिकानों पर लगातार कार्यवाही का अभियान जारी है। इस बार पुलिस ने शराब इन ठिकानों पर कार्यवाही का नया तरीका अपनाया है, पहले ड्रोन की मदद से ठिकाने तलाश किए जा रहे हैं उसके बाद कईं थानों की पुलिस संयुक्त रूप से कार्यवाही कर रही है। ऐसा ही एक बड़ा मामला सामने आया है जिसमें एसडीओपी विवेक शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली, पिपरई, बहादुरपुर, शाढ़ौरा, कचनार और पुलिस लाईन के अमले ने संयुक्त कार्यवाही कर अवैध शराब के निर्माण की फैक्ट्री पर सुबह तड़के में छापामार कार्यवाही की। जहां से पुलिस ने 500 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब जप्त की है तथा 5000 लीटर लहान नष्ट किया गया।सम्पूर्ण कार्यवाही में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के कुल 06 प्रकरण में कुल 500 लीटर अवैध कच्ची शराब कीमत 75500 जप्त, करीब 5000 लीटर लहान कीमत 7,50,000 रु का मौके पर नष्ट किया गया एवं शराब बनाने के उपकरण टंकी आदि कीमत 50000 रु की जप्त कुल मशरुका 8,75,500 रु का जप्त एवं नष्ट किया गया है। उक्त कार्यवाही मे सर्चिंग हेतु ड्रोन तकनीक का उपयोग किया गया। जिसकी सम्पूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा मॉनिटरिंग कर की गई।

#### तड़के सुबह 4 बजे कार्रवाई की गई, 60 पुलिसकर्मी तैनात रहे

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर के मार्गदर्शन में, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के नेतृत्व में अशोकनगर पुलिस द्वारा थाना कचनार क्षेत्र अंतर्गत ओर नदी के किनारे बसे ग्राम माधोगढ़ में अवैध कच्ची शराब निर्माण के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। तड़के सुबह लगभग 04.00 बजे थाना प्रभारी पिपरई, थाना प्रभारी कचनार, थाना प्रभारी देहात, थाना प्रभारी बहादुरपुर, थाना शाडोरा,थाना नईसराय, थाना कोतवाली तथा पुलिस लाइन के संयुक्त बल के साथ ग्राम माधोगढ़ में दबिश दी गई। सर्चिंग के दौरान दुर्गम एवं घने क्षेत्र को देखते हुए ड्रोन तकनीक का प्रभावी उपयोग किया गया।

#### दबिश के दौरान 4 आरोपियों से कच्ची शराब बरामद, 2 फरार

दबिश के दौरान अवैध कच्ची शराब निर्माण करते हुए आरोपी रमेश पिता श्रीपत पारदी निवासी माधोगढ़ के कब्जे से 150 लीटर, आरोपी पट्टा पारदी पिता घिस्सू पारदी के कब्जे से 110 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त की गई। इसके अतिरिक्त झाड़ियों में छिपे आरोपी श्यामलाल पिता किशना पारदी एवं प्रहलाद पिता कुंदन पारदी निवासी माधोगढ़ को पकड़ा गया, जिनके कब्जे से पृथक-पृथक 30-30 लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त की गई। साथ ही ग्राम मुल्लाखेड़ी की ओर स्थित पठारी क्षेत्र की सर्चिंग के दौरान दो अलग-अलग स्थानों से अज्ञात आरोपियों द्वारा बनाई जा रही 90-90 लीटर अवैध कच्ची शराब भी पुलिस द्वारा जप्त की गई।

#### जब्त माल की कीमत 8 लाख 75 हजार रूपए

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में कुल 04 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा थाना कचनार एवं थाना देहात में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कुल 06 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कुल 500 लीटर अवैध कच्ची शराब (कीमत 75,500 रूपये) जप्त की गई एवं लगभग 5000 लीटर लहान (कीमत 7,50,000 रूपये) मौके पर नष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त टंकियाँ एवं अन्य उपकरण (कीमत 50,000 रूपये) जप्त किए गए। इस प्रकार कुल 8,75,500 रूपये मूल्य का मशरूका जप्त एवं नष्ट किया गया।

#### नदी के जल को दूषित किए जाने पर भी मामला दर्ज


नदी के जल को दूषित किए जाने के अपराध को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के विरुद्ध धारा 279 बीएनएस का इजाफा भी किया गया है। उल्लेखनीय है कि थाना कचनार क्षेत्र अंतर्गत ओर नदी के किनारे स्थित ग्राम माधोगढ़ में विगत कई वर्षों से अवैध कच्ची शराब निर्माण का कारोबार संचालित हो रहा था, जहां पूर्व में की गई कार्यवाहियों के दौरान आरोपी झाड़ियों एवं नदी की आड़ लेकर फरार हो जाते थे। इस बार पुलिस द्वारा अपनाई गई तकनीकी रणनीति एवं ड्रोन सर्विलांस के माध्यम से आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, थाना प्रभारी पिपरई निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा, थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा, थाना प्रभारी कचनार उप निरीक्षक पूनम सेलर, थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम यादव, चैकी प्रभारी भादौन उप निरीक्षक सुनील पुरवैया आदि रहा मौजूद।

#### सूचना मिली थी

पिछले कईं दिनों से सूचना मिल रही थी कि नदी के किनारे अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा है। एसपी राजीव कुमार मिश्रा के द्वारा कार्य योजना तैयार की गई जिसमें 5 थानों की पुलिस और 60 पुलिसकर्मियों को लगाया गया। 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया,2 आरोपी मौके से फरार हो गए। 8 लाख 75 हजार रूपए की सामग्री जप्त की गई है।

## पूर्व से स्वीकृत है 400 करोड़ का बजट, लेकिन सिर्फ स्वीकृति का इंतेजार

# भोपाल से स्वीकृत होकर दिल्ली में अटकी राजगढ़ बाईपास की फाईलें



आमजनों, सभी दलों की सहमति से दो रूटों के प्रस्ताव जा चुके हैं राजधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इसे विडंबना ही कहेंगे जो प्रदेश सहित केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बावजूद राजगढ़ मुख्यालय पर ही राजगढ़ बाईपास के निर्माण की प्रक्रिया देश की राजधानी दिल्ली पहुंचकर फाईलों में दबी हुई है। आलम यह है कि राजगढ़ जिले की तहसीलों एवं ब्लॉकों में बाईपास के निर्माण हो चुके हैं लेकिन राजगढ़ मुख्यालय पर बाईपास निर्माण की प्रक्रिया महज कुछ स्वीकृतियों के लिए अटकी हुई है।

आपको बतादें कि वर्तमान में राजगढ़ का बाईपास नगर की सीमा से होकर गुजरता है। ऐसे में हाईवे पर प्रतिदिन हजारों वाहनों की आवाजाही से नगरीय सीमा में अमूमन प्रतिदिन हादसे हो रहे हैं। साल 2016 में ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक हुए हाईवे के दोहरीकरण के समय भी एनएच(पीडल्यूडी) के जिम्मेदारों ने इस ओर विचार नहीं किया।

### 15 किमी के बाईपास हेतु 400 करोड़ हो चुके स्वीकृत

राजगढ़ मुख्यालय पर 400 करोड़ रुपए लागत वाले बाईपास निर्माण के प्रारंभिक चरण में तीन रूटों पर विचार किया गया था। पहला रूट खोयरी महादेव के ऊपरी क्षेत्र से होना प्रस्तावित हुआ था लेकिन 80 फीसदी वनक्षेत्र के चलते इस रूट को पूरी तरह खारिज कर दिया गया। बाद में बाईपास निर्माण के लिए दो रूट प्रस्तावित किए गए। इन दो रूटों पर आमजनों, सभी दलों के जनप्रतिनिधियों की सहमति एनएच(पीडल्यूडी) के अधिकारियों द्वारा ली गई। इसके बाद दोनों रूटों में से किसी एक रूट पर बाईपास निर्माण की फाईल भोपाल पहुंचने के उपरान्त राजधानी नई-दिल्ली भिजवा दी गई।

### 2024 में दो रूटों पर बनी थी सहमति

लेकिन, सितंबर 2024 से उक्त दोनों रूटों में से किसी एक की स्वीकृति के लिए फाईलें दिल्ली में पड़ी हुई धूल खा रही हैं। न तो जनप्रतिनिधि और न ही पीडल्यूडी(एनएच) के अधिकारियों द्वारा इसके लिए कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। हालांकि, भोपाल स्तर से रिमाइंडर करवाए गए हैं लेकिन उनका कोई सकारात्मक फल आज पर्यन्त तक नजर नहीं आया है।

### इन दोनों में से किसी एक पर बनना है बाईपास

राजगढ़ बाईपास निर्माण के लिए तीन रूट पर विचार हुआ था जिनमें से खोयरी महादेव के पीछे वाला रूट पूरी तरह से निरस्त हो चुका था। बाकि बचे दो रूटों में से किसी एक के फाईनल होने की स्वीकृति होना बाकी हैं इनमें एक रूट 9.5 किमी लंबा है जो प्रतापगढ़, रघुनाथगढ़, भगवतिपुरा, जुगलपुरा, हरजीपुरा, देवझिरी वाला है। वहीं दूसरा रूट 15 किमी के लंगभग लंबा है जो रामपुरा, कालीतलाई, मद्दापुरा, पीपल्या, पाटन, गोवर्धनपुरा, मोरपीपली, हरजीपुरा, फतेजपुर, जोगीपुरा का है।

### खास-खास

परियोजनाः राजगढ़ बाईपास निर्माण
विभागः पीडल्यूडी(एनएच)
लागतः 400 करोड़
कितने रूट प्रस्तावितः 02 रूट
किमीः 9.5 एवं 15 किमी के दो रूट प्रस्तावित
कहां अटकाः राजधानी दिल्ली

### इनका कहना है

कुछ तकनीकी कारणों से मामला पेंडिंग है। एक बार पुनः दिल्ली जाकर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराता हूं।

- रोडमल नागर, सांसद, लोकसभा, राजगढ़

# 3 माह बीत जाने पर भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, फरियादी लगा रहा चक्कर

विधायक ओर एसपी को शिकायत के बाद भी नहीं हुई सुनवाई,अब ऐसे में कैसे मिलेगा न्याय।




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

आए दिन सूदखोरी के मामले समाचार पत्रों में पढ़ने को मिल ही जाते हैं, जिनमें लिये गये मूलधन राशि पर जरूरत मंद व्यक्ति से लिखा-पढ़ी तो दो रूपया सैकड़ा ब्याज दर पर सूदखोर करवाता है लेकिन जरूरत मंद व्यक्ति से वसूलता दस प्रतिशत की ब्याज दर पर है। यही नहीं मूलधन रूपया देते समय एक महीने का ब्याज पहले ही काट कर जरूरत मंद व्यक्ति को रूपया देता है।

जरूरतमंद व्यक्ति को जरूरत होने से वह व्यक्ति इस बात का विरोध भी नहीं करता ओर अपनी जरूरत पूर्ति हेतु सूदखोर से रूपया ले जाता है। जरूरत के समय लिया गया रूपया जरूरत मंद व्यक्ति के लिये बोझ बन जाता है ओर फिर किस्सा शुरू होता है ब्याज पर ब्याज लेने का। जरूरतमंद व्यक्ति उन पैसों को चुकाते -चुकाते अपनी पूरी जिंदगी लगा देता है दो गुना , तिगुना रूपया देने के बाद भी वह रूपया नहीं चुका पाता। न्याय के लिये पुलिस थाने में गुहार भी लगाता लेकिन सूदखोर के दबदबे के कारण उचित सुनवाई नहीं होती बस व्यक्ति चक्कर लगाता रहता है।

ऐसा ही एक मामला रघुनंदन शर्मा पिता रामप्रसाद शर्मा निवासी दुर्गपुरा का देखने को मिला जिसमें रघुनंदन शर्मा ने बताया कि उसके माता-पिता के एक्सीडेंट होने पर इलाज हेतु बीरम पिता हरिसिंह तंवर निवासी पुरा खाजला से 1 लाख रूपया लिया था। रूपया देते समय ही बीरम ने ब्याज के दस हजार रूपया काट कर 90 हजार रूपये दिये थे,जो रघुनंदन शर्मा को बारह महीने में बीरम तंवर को 10 प्रतिशत के ब्याज से 2 लाख बीस हजार रुपए देने थे।

जिसमें रघुनंदन शर्मा ने 5 महीने बाद पचास हजार रूपया बीरम तंवर को दे दिये ओर एक लाख सत्तर हजार रूपया लगभग आधा फागन की अमावस पर 1 लाख 70 हजार रूपया बीरम तंवर के घर जाकर दे दिये ।लिखा-पढ़ी का स्टाम्प जो2 प्रति शत के ब्याज से लिखवाया था वो वापस नहीं दिया।

बीरम तंवर ने कहा कि खिलचीपुर कमरे पर रखा है। जिसे एक दो दिन में वापस दे दूंगा लेकिन दो तीन महीने बीतने बाद भी नहीं दिया। रघुनंदन शर्मा ने मीडिया को बताया कि साहब मेने बीरम तंवर को पूरा रूपया जिस प्रकार हमारी बात थी दे दिया है, मुझे तीन माह बीतने पर भी लिखा-पढ़ी का स्टाम्प नहीं दिया।

उसी लिखा-पढ़ी को बताकर मुझसे मेरी गाड़ी 23/08/25 को मेरी गाड़ी मारूति में मण्डी के पास सांवरिया कम्प्यूटर पर बैठा तब बीरम तंवर आया ओर मुझसे रूपया मांगने लगा मेने बोला मेरे पिताजी ने आपका पूरा हिसाब कर तो दिया आपने अभी तक लिखा पड़ी स्टांप भी नहीं दिया। इतना ही कहने पर मुझे एक साइड ले जाकर बंदूक का कट्टा सिर पर लगाकर बीरम तंवर मुझसे गाड़ी की चाबी छुड़ाकर ले गया। जिसकी मेंने पुलिस थाने में रिपोर्ट की लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की। खिलचीपुर थाने में मेने तीन बार आवेदन दे दिया एक बार तो थाने से आवेदन ही गुम हो गया। लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की ओर अभी तक एफआईआर भी नहीं की।

### जांच की जाएगी...

दोनों पक्षों को बुलाकर जांच कर दोषी पर एफआईआर की जावेगी।
**उमाशंकर मुकाती, थाना प्रभारी खिलचीपुर।**

## प्रशासन ने की शासकीय भूमि चिन्हांकन की कार्रवाई

# विधायक के निर्देश पर खेल मैदान निर्माण की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर में वर्षों से लंबित खेल मैदान की मांग अब साकार होती नजर आ रही है। क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा के हस्तक्षेप के बाद जिला प्रशासन ने नगर में खेल मैदान के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा शासकीय भूमि चिन्हित करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील कार्यालय को निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे नगरवासियों और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

उल्लेखनीय है कि नगर के खिलाड़ी, खेल प्रेमी एवं युवा पिछले कई वर्षों से एक स्थायी खेल मैदान की मांग करते आ रहे थे, लेकिन अब तक स्थानीय प्रशासन और पूर्व जनप्रतिनिधि इस दिशा में ठोस पहल नहीं कर पाए थे। बीती 1 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक मोहन शर्मा के समक्ष नगरवासियों ने मंच से खेल मैदान की मांग रखी थी। विधायक ने मौके पर ही मंचासीन अनुविभागीय अधिकारी सुशील कुमार, तहसीलदार विराट अवस्थी तथा नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी को नगर में खेल मैदान हेतु शासकीय भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद विधायक शर्मा ने



जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से भी सीधे चर्चा कर नगर के लिए खेल मैदान स्वीकृत कराने का आग्रह किया। विधायक की इस पहल का त्वरित परिणाम यह रहा कि जिला कलेक्टर कार्यालय से एसडीएम एवं नायब तहसीलदार को पत्र जारी कर एक माह के भीतर खेल मैदान हेतु शासकीय भूमि चिन्हित कर सर्वे नंबर व नक्शा स्वीकृति की फाइल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। खिलाड़ियों का मानना है कि खेल मैदान के निर्माण से नगर की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय कुरावर के क्रीड़ा शिक्षक प्रकाश सिंह तोमर ने कहा कि नगर में खेल मैदान की अत्यंत आवश्यकता है। इससे खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी और नई प्रतिभाएं सामने आएंगी। पूर्व क्रिकेटर ओम शर्मा ने विधायक की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि नए खेल मैदान के निर्माण से नगर में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा भविष्य में बड़े स्तर के टूर्नामेंट आयोजित किए जा सकेंगे। वहीं, पूर्व क्रिकेटर हरीश सक्सेना ने कहा कि इस पहल से क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो जैसे खेलों को नई पहचान मिलेगी और नगर का नाम खेलों के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेगा। खेल प्रेमी संतोष पटेल ने विधायक और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल मैदान बनने से युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगेगी और शासन की खेल प्रोत्साहन नीति को भी मजबूती मिलेगी। इस संबंध में नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी ने बताया कि इसलिए 1 फरवरी को सामाजिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण के कार्यक्रम में विधायक ने खेल मैदान की जगह चिन्हित करने की बात कही थी एवं जिला कलेक्टर कार्यालय से खेल मैदान से संबंधित फाइल प्राप्त हो चुकी है। वर्तमान में शासकीय भूमि चिन्हित करने की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें लगभग एक माह का समय लगेगा।

# एडवांस्ड किड्स एकेडमी के कक्षा 12वीं के छात्रों को विदाई दी गई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

सीबीएसई एडवांस्ड किड्स एकेडमी के कक्षा-12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन आध्यात्मिक , सकारात्मक रूप से की गई। रंगारंग प्रस्तुतियां कक्षा-11 व 12 के बच्चों द्वारा एकल गीत, समूह नृत्य किये। मनोरंजक खेलों भी रखें गये , जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा-12 के विद्यार्थी अजयपाल सिंह सोनगिरा, श्रद्धा बरेठा ने विद्यालय जीवन के अनुभव साझा किए, कार्यक्रम के दौरान उपहार एवं टाइटल वितरण तथा रैम्प वॉक भी आकर्षण का केंद्र रहे। रेम्प वॉक को देखकर मिस्टर एंड मिस एडवांस्ड का चयन भी किया गया । इस अवसर पर विद्यालय संचालक गिरिराज गुप्ता, प्राचार्य ई. के. जोशी सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित

## तीन सालों से मायके में रहने को मजबूर है पीड़िता

# दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देने पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर के हाथीखाना निवासी 35 वर्षीय फरियादी महिला ने उसके पति के खिलाफ देहात प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित महिला के पति के खिलाफ मामला तेज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक फरियादिया भावना पति संतोष मेवाड़ा ने बताया कि वह वर्तमान में अपनी मां के साथ मायके में रह रही है और घर का कामकाज करती है। उसकी शादी वर्ष 2016 में सामाजिक रीति-रिवाज से संतोष मेवाड़ा निवासी ग्राम भैसयानागिन, थाना कालापीपल, जिला शाजापुर के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही पति द्वारा दहेज की मांग




की जाने लगी। बीते करीब तीन वर्षों से दहेज को लेकर छोटी-छोटी बातों पर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ति किया जा रहा था। प्रताड़ना से तंग आकर करीब तीन साल पहले वह अपने मायके आकर मां के साथ रहने लगी।फरियादी ने बताया कि 31 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 12 बजे उसका पति उसके मायके आया और दहेज में सामान लाने की मांग करने लगा।

# रात में भी ठंड का असर, दिन में बढ़ा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

फरवरी माह में धीरे-धीरे ठंड का असर कम होता जा रहा है। दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, वहीं रात में अब भी हल्की ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन में तेज धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत मिली, लेकिन रात के समय ठंडी हवा के कारण ठंड का असर बना हुआ है। सुबह और देर रात हल्की सर्दी के चलते लोग अब भी गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे ठंड का असर और कम होगा। फरवरी के आगे बढ़ने के साथ मौसम में बदलाव साफ दिखाई देने लगा है।

# पंडित अमित शर्मा बने आजीवन सहयोग निधि के जिला प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने आगामी 11 फरवरी को पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि से शुरू होने वाले आजीवन सहयोग निधि के कार्यक्रम के आजीवन सहयोग निधि के जिला प्रभारी पंडित अमित शर्मा,सह प्रभारी पूर्व जिला मंत्री जगदीश नागर,जिला मंत्री



हनुमान पाटीदार को नियुक्त किया गया। उक्त जानकारी देते हुए जिला प्रभारी पंडित अमित शर्मा ने बताया कि 11 फरवरी भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि से यहाँ अभियान चलाया जाएगा और सभी भाजपा जन प्रत्येक कार्यकर्ताओं के घर घर तक पहुंचे और उनकी आजीवन सहयोग निधि का संचय कर पार्टी को आर्थिक रूप से मजबूत करें।और जिले में हम इस अभियान को सफल बनाएँगे।

# टैक्टर ट्रॉली में जा रहे सरिए दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के पुराने एबी रोड पर सरियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां में खुले रूप से सरियों का परिवहन करते हुए देखी जा सकती हैं, जो सड़क दुर्घटनाओं को खुला आमंत्रित कर रही हैं। व्यस्त मार्ग होने के कारण इस सड़क पर दिनभर दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है, फिर भी टैक्टर ट्राली में सरियों को बिना सुरक्षा उपायों से ले जाया जा रहा है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों की जान जोखिम में है। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार सरिए ट्रॉली से बाहर निकले होने के कारण वाहन चालक संतुलन खोने की स्थिति में आ जाते हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक बनी हुई है। दिन के साथ-साथ रात के समय यह खतरा और बढ़ जाता है, क्योंकि अंधेरे में बाहर निकले सरिए साफ दिखाई नहीं देते, जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नगरवासियों ने प्रशासन और यातायात विभाग से मांग की है कि ऐसे वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए और सरियों के परिवहन के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो किसी भी दिन गंभीर हादसा हो सकता है। फिलहाल जिम्मेदार विभाग की अनदेखी लोगों की चिंता का कारण बनी हुई है।

## मंत्री पंवार ने 6 पंचायतों में दी 3 करोड़ 96 लाख की सौगात

# विकास, सेवा और समृद्धि के संकल्प के साथ ग्रामीणों को मिली अनेक सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को और तेज करते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने लगभग 3 करोड़ 96 लाख रुपए की लागत से पूर्ण एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का 6 ग्राम पंचायतों में विधिवत भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पंवार ने कहा कि ह्लहम खेती-किसानी से जुड़े लोग हैं और किसानों की जरूरतों को भली-भांति समझते हैं। आज केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है।ह्वउन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, सिंचाई परियोजनाओं और कृषि अधोसंरचना योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं से किसानों की आय बढ़ी है और खेती लाभ का व्यवसाय बनी है।






### जैविक खेती को बढ़ावा दें

मंत्री पंवार ने जैविक खेती के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में देशभर में प्राकृतिक और जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे न केवल किसानों की लागत कम हो रही है, बल्कि स्वस्थ उत्पादन के साथ बाजार में बेहतर मूल्य भी मिल रहा है। जैविक खेती पर्यावरण संरक्षण के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी लाभकारी है।

### शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य

मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र की आधारशिला है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण अंचलों में भी शिक्षा के स्तर में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिल रहा है। सरकार द्वारा नए स्कूल भवनों का निर्माण, सांदीपनि स्कूल,अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था, स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और खेल सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को शहरों जैसी शैक्षणिक सुविधाएँ अपने गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं।

### डबल इंजन सरकार से चहुंमुखी विकास

मंत्री पंवार ने कहा कि ह्लडबल इंजन की सरकारह्व के कारण मध्य प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। वर्ष 2003 से पूर्व कांग्रेस शासन में मध्य प्रदेश ह्लबीमा राज्यह्व की श्रेणी में चला गया था, लेकिन आज प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। आज मध्य प्रदेश देश के अग्रणी और तेजी से विकसित होने वाले राज्यों में शामिल है।

### जल परियोजनाओं से बदली क्षेत्र की तस्वीर

मंत्री पंवार ने जिले की बड़ी विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मोहनपुरा डैम, कुंडालिया डैम, सुठालिया परियोजना और पार्वती परियोजना से क्षेत्र में जल उपलब्धता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इससे सिंचाई का रकबा बढ़ा, कृषि को मजबूती मिली, किसान समृद्ध हुआ और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त बनी। इन परियोजनाओं से लोगों की आय और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है।